उत्तर प्रदेश शासन

प्रशासनिक सुधार अनुभाग-1

संख्या-2/2016/1746/43-1-2015-14(41)/2006

लखनऊ : दिनांक 12 जनवरी, 2016

कार्यालय ज्ञाप

शुद्धि पत्र

उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के सुचारू कार्य संचालन हेतु 40 अस्थायी पदों के सृजन विषयक कार्यालय ज्ञाप संख्या-29/2015/943/43-1-2015-14(41)/2006, दिनांक 18-9-2015 के संलग्नक के क्रम संख्या-1 एवं 2 पर उल्लिखित पदों क्रमशः संयुक्त रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार के सम्मुख स्तम्भ-4 एवं 5 में उल्लिखित प्राविधान/व्यवस्था के स्थान पर निम्नवत प्राविधान/व्यवस्था किया जाता है :-

क्रम संख्या	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या	वेतनमान/ग्रेड वेतन	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1-	संयुक्त रजिस्ट्रार	01	यह पद उ0प्र0 न्यायिक सेवा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) वेतनमान रू0 39530-920-40450-1080-49090-1230-54010 सम्वर्ग से भरा जायेगा।	प्रतिनियुक्ति
2-	उप रजिस्ट्रार	01	यह पद उ0प्र0 न्यायिक सेवा के सिविल जज (जूनियर डिवीजन) वेतनमान रू0 27700-770-33090-920-40450-1080-44770 सम्वर्ग से भरा जायेगा।	प्रतिनियुक्ति

2- उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनाक 18-9-2015 इस सीमा तक संशोधित समझा जाएगा तथा शेष शर्ते/उपबन्ध यथावत रहेंगी।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 सं0-ई-9-07/दस-2016 दिनांक 7-1-2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

डा0 नन्द लाल

संयुक्त सचिव।

संख्या-2/2016/1746 (1)/43-1-2015 दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- मुख्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ।
4- सचिव, उ0प्र0, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ।
5- रजिस्ट्रार, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ।
6- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7- वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ।
8- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2/वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
9- नियुक्ति अनुभाग-4
10- कार्यालय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

भवेश रंजन

उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।